छात्र सहायता (Student Aid) के लिए पात्रता

प्राइवेट करियर कॉलेज में अध्ययन करने के दौरान वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने को लेकर और अधिक जानकारी पाएं।

महत्वपूर्ण!

यदि आपको अपनी शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता की तलाश है, तो सुनिश्चित करें कि आपको नियमों और शामिल जोखिमों की जानकारी है। अपने कर्ज वापस करने के लिए तैयार रहें और धोखाधड़ी करने वालों और पहचान चुराने वालों के प्रति सतर्क रहें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें। यदि आपको सहायता चाहिए, तो अलबर्टा छात्र सहायता (Alberta Student Aid) से संपर्क करें।

अवलोकन

लाइसेंस प्राप्त प्राइवेट करियर कॉलेजों में प्रोग्रामों में भागीदारी करने वाले छात्र प्रांतीय और संघीय छात्र सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं ताकि ट्यूशन, फीस, पुस्तकों और रहन-सहन के खर्च का भुगतान करने में उनकी सहायता की जा सके।

प्राइवेट करियर कॉलेजों में गैर-लाइसेंस प्राप्त प्रोग्रामों में भाग ले रहे छात्र इस छात्र सहायता के पात्र नहीं हैं।

छात्र सहायता के प्रकार

पात्रता रखने वाले पूर्णकालिक और अंशकालिक छात्र कर्ज और अनुदान का मिलाजुला रूप प्राप्त कर सकते हैं।

- आपके प्रोग्राम की समाप्ति के बाद कर्ज अवश्य वापस किया जाना चाहिए, भले ही आप प्रोग्राम को पूरा न करते हों।
- तब तक अनुदान वापस करने की ज़रूरत नहीं है, जब तक कि आपकी पात्रता में परिवर्तन नहीं हो जाता।

आपको कितने पैसे प्राप्त होते हैं, यह आपकी वित्तीय और शैक्षणिक स्थिति पर निर्भर करता है। वार्षिक और आजीवन कर्ज सीमाएं तय की गई हैं, जिसके मायने हैं कि जब तक आप अपनी शेष राशि का भुगतान नहीं करते हैं, तब तक आप और अधिक छात्र ऋण प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

यदि आप पहले से ही अलबर्टा सरकार से अन्य रूपों में आय सहायता प्राप्त कर चुके हैं, तो संभव है कि आप उस सहायता को प्राप्त न कर पाएं, यदि आप छात्र सहायता के लिए आवेदन करते हैं। आवेदन करने से पहले अपने केसवर्कर से संपर्क करें।

इससे पहले कि आप आवेदन करें

- जिस प्राइवेट करियर कॉलेज में आपकी अध्ययन करने की योजना है, उसके बारे में रिसर्च कर लें।
- देख लें कि क्या ऑफर किए जाने वाले प्रोग्राम आपके करियर लक्ष्यों के साथ मेल खाते हैं।
- देख लें कि क्या क्रेडेंशियल्स आपका करियर बनाने के लिहाज से पर्याप्त विश्वसनीय हैं।
- अपने तथा कॉलेज के अधिकारों और उत्तरदायित्वों को समझ लें।
- पता लगाएं कि क्या स्कूल और प्रोग्राम छात्र सहायता के लिए पात्र हैं।
- पता लगाएं कि क्या आप छात्र सहायता के लिए पात्र हैं।

खुद को धोखाधड़ी से बचाएं

खुद को तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी को धोखाधड़ी या चोरी से सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। आपके छात्र ऋण आवेदन पर सबमिट की गई जानकारी के लिए आप उत्तरदायी हैं।

- केवल अलबर्टा स्टूडेंट एड (Alberta Student Aid) वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें।
- अपने खुद के ही आवेदन को सबमिट करें।
    - अपनी तरफ से किसी दूसरे को छात्र सहायता के लिए आवेदन न करने दें। इसमें प्राइवेट करियर कॉलेज कर्मचारी और भर्ती करने वाले शामिल हैं।
    - किसी अनजान व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत जानकारी (बैंक खाता, सामाजिक बीमा नंबर या छात्र ऋण जानकारी) साझा न करें।

©2021 अलबर्टा सरकार | 15 अप्रैल, 2023 | उन्नत शिक्षा

    - यदि आपको सहायता चाहिए तो 1-855-606-2096 पर अलबर्टा छात्र सहायता सेवा केन्द्र (Alberta Student Aid Service Centre) पर कॉल करें, विकल्प 1।
- सुनिश्चित करें कि जो जानकारी आप अपने आवेदन में प्रदान करते हैं, वह तथ्यात्मक और सही है। गलत या भ्रामक जानकारी देने पर आपकी फंडिंग रद्द की जा सकती है या आपके विरुद्ध आपराधिक अभियोग लगाए जा सकते हैं।
- यदि आपको लगता है कि आपके साथ धोखाधड़ी या आपकी पहचान की चोरी की गई है, तो तत्काल उसकी सूचना छात्र सहायता (Student Aid) को दें।

आवेदन कैसे करें

- आप प्रांतीय और संघीय छात्र सहायता दोनों के लिए studentaid.alberta.ca पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- आपको केवल एक आवेदन सबमिट करना होगा।
- आपको आवेदन प्रणाली को एक्सेस करने के लिए सत्यापित Alberta.ca अकाउंट बनाना होगा।
- चरण-वार निर्देशों का अनुपालन करें।

संपर्क

किसी विश्वसनीय स्रोत से अपने आवेदन के संबंध में सहायता प्राप्त करने के लिए, निम्नलिखित पर कॉल करें:

अलबर्टा छात्र सहायता सेवा केन्द्र (Alberta Student Aid Service Centre)
उत्तरी अमेरिका में टोल-फ्री: 1-855-606-2096